# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–02 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत बाइस नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं से दो लाख अट्ठावन हजार करोड़ रूपये का उत्पादन होने और प्रत्यक्ष रूप से लगभग चौतीस हजार नौकरियां सृजित होने की आशा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रमुख सुधारों को लागू करना और कार्यान्वियन में तेजी लाना मोदी सरकार की पहचान है। एक रिपोर्ट–

**इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनिया की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती उद्योगों में से एक है। यह देश की आर्थिक और तकनीकी प्रगति में अहम भूमिका निभा रही है। आज मंजूर किए गए प्रोजेक्ट्स, आठ राज्यों से संबंधित हैं – आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और राजस्थान। इससे देश में, इलेक्ट्रॉनिक्स की सप्लाई मजबूत होगी, जरूरी कंपोनेंट्स के लिए आयात पर निर्भरता कम होगी और भारत में उन्नत मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी। इसके पहले, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के तहत, 24 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी जा चुकी है। ये नई मंजूरी, भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की प्रधानमंत्री मोदी की सोच का एक अहम कदम है। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने सरकारी आवास पर वित्त विभाग के कार्यों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। एक रिपोर्ट–

**बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण को देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि कि सभी विभाग आवंटित बजट का समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बजट व्यय में तेजी लाने हेतु प्रत्येक स्तर पर स्पष्ट जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट की तैयारी अभी से प्रारंभ की जाए। विभागों की बजट मांगों की समीक्षा, पूर्व वर्षों के व्यय का आकलन एवं केंद्र सरकार से प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

कल से प्रयागराज में माघ मेले की शुरुआत हो रही है। इस बार का माघ मेला मिनी कुंभ की तरह आयोजित किया जा रहा है। हमारे प्रयागराज प्रतिनिधि ने बताया कि माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को सात सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही करीब तीन किलोमीटर का स्नान घाट बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में माघ मेले की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मेले में आगंतुकों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

**********

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आज अयोध्या पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि अयोध्या तेजी से सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित हो रही है। श्री शाही ने यह भी कहा कि अयोध्या त्रेता युग की गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप पुर्नस्थापित हो रही है और यह देश के लिए गर्व का विषय है।

**********

वर्ष दो हजार पचीस भारत के विकास पथ में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष नीतियों ने प्रगति को नई धार दी और इरादों ने दिए सार्थक परिणाम। आज विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में प्रस्तुत है दो हजार पचीस के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति की चर्चा।

**दो हजार पचीस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता–ए.आई. में बड़ी प्रगति हुई। इंडिया ए.आई. मिशन के तहत सरकार ने नैतिक मानव केंद्रित ए.आई. प्रणाली बनाने के लिए दस हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश किया है। हाल ही में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की दो हजार पचीस ग्लोबल ए.आई. वाइब्रेंसी रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया। दो हजार पचीस में सेमीकंडक्टर और उन्नत विनिर्माण में भी निर्णायक प्रगति हुई। पिछले वर्ष नोएडा और बेंगलुरु में तीन नैनोमीटर चिप डिजाइन के लिए दो केंद्र शुरू किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने हैदराबाद में स्काई रूट एयरोस्पेस के नए इंफिनिटी परिसर का भी उद्घाटन किया और कंपनी के पहले ऑर्बिटर रॉकेट विक्रम–1 का अनावरण किया। आदर्श की रिपोर्ट के साथ नीतिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कहा है कि पहली फरवरी से सभी नए फास्टैग जारी करने के लिए कारों के नो योर व्हीकल–के.वाई.वी. कार्ड बंद कर दिए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि यह कदम राजमार्गों से यात्रा करने वाले लोगों की सुविधा और फास्टैग एक्टिवेशन के बाद की परेशानियों को दूर करने के लिए उठाया गया है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई जिलों में आज दिन में धूप निकली, हालांकि सुबह और शाम ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने चार जनवरी तक घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ठंड और कोहरे को देखते हुए शासन से पांच जनवरी तक कक्षा बारहवीं तक के शिक्षण संस्थान बंद रखने का निर्देश है।

**********